राजभाषा वैज्ञानिक संगोष्ठी, 20 – 21 अक्टूबर, 2019

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

मरूस्थलीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केंद्र,

जोधपुर, राजस्थन – 342005

मरूस्थलीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान केंद्र , स्वास्थ्य अनुसंधान परिणामों को राजभाषा हिंदी के माध्यम से प्रसारित करने के लिये राजभाषा वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन करता है। अक्टूबर 2017 में आयोजित की गयी वैज्ञानिक संगोष्ठी में देश के तेरह राज्यों के विभिन्न मूर्धन्य वैज्ञानिकों , शोधार्थियों, चिकित्सा शास्त्रियों, विश्वविद्यालयों के आचार्यों ने अपनी प्रस्तुति देकर इसे सफल बनाया था।

इस वर्ष भी दिनांक 20 – 21 अक्टूबर, 2019 को केंद्र में आयोजित होने वाली राजभाषा वैज्ञानिक संगोष्ठी में मौखिक और पोस्टर प्रस्तुति हेतु स्वास्थ्य एवं संबंधित विषयों पर राजभाषा हिंदी में वैज्ञानिक शोधपत्र व सारांश आमंत्रित हैं। क्रपया राजभाषा हिंदी में अपने शोधपत्र का सारांश दिनांक 05/10/2019 तक या इससे पूर्व डॉ. प्रवीण कुमार आनन्द , वैज्ञानिक-ई एवं राजभाषा प्रभारी को ई-मेल आई-डी pk.anand@dmrcjodhpur.nic.in पर भेज दें।

चयन समिती द्वारा मौखिक प्रस्तुति हेतु प्राथमिकता दिये गये शोधपत्रों के प्रस्तुतकर्ताओं को **प्रति शोधपत्र एक प्रस्तुत्कर्ता** के आधार पर अधिकतम वातानुकूलित त्रितीय श्रेणी रेल किराया, स्थानीय आवास, भोजन और आतिथ्य केंद्र द्वारा वहन किया जायेगा। लगभग 50 शोधपत्रों का पोस्टर प्रस्तुति हेतु भी चयन किया जायेगा। कुछ चयनित शोधपत्रों को स्मारिका में प्रकाशित किया जायेगा। कुछ शोधपत्रों के प्रस्तुतिकर्ताओं को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

जोधपुर जिला देश के प्रशिद्ध थार मरूस्थल के प्रवेश द्वार के रूप में पहचान रखता है। ऐतिहासिक रूप से यह अपने किले और महलों के लिये भी जाना जाता है। अक्टूबर में यहां का मौसम सुखद रहता है। जोधपुर जिले की खूबसूरत भौगोलिक और वातावरणीय परिस्थिति रुचिकर लगती है। राजभाषा वैज्ञानिक संगोष्ठी के माध्यम से बाहर से आने वाले अतिथि जोधपुर व आसपास के दर्शनीय स्थलों को देखने का लाभ उठा सकते हैं।